कार्यालय :– जिला कार्यक्रम अधिकारी, हाथरस।

पत्र संख्या C-1276 जि0का0अ0/आंगनवाडी कार्यकत्री/विज्ञप्ति/2023–24, दिनांक 13 मार्च 2024

विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि शासनादेश संख्या –19/2023 /3975/ 58–1–2022 –2/1(22)10टी.सी. दिनांक 21 मार्च, 2023 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद हाथरस के शहरी/ग्रामीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजना में आंगनबाडी कार्यकत्री के मानदेय पर आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रक्रिया के तहत विभागीय बेव साइट http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है, रिक्त पदों का परियोजनावार विवरण निम्नवत् है:–

क.सं.	परियोजना का नाम	ग्रामीण/शहरी	रिक्त आंगनबाडी कार्यकत्री के पदों की संख्या
1	मुरसान	ग्रामीण/शहरी	24
2	ग्रामीण	ग्रामीण/शहरी	36
3	शहर	शहर	17
4	सादाबाद	ग्रामीण	21
5	हसायन	ग्रामीण	19
6	सहपऊ	ग्रामीण	06
7	सिकन्दराऊ	ग्रामीण	21
8	सासनी	ग्रामीण	28
		कुल योग–	172

(नोट :–उपरोक्त तालिका में वर्णित रिक्त पदों की संख्या विभागीय स्थिति के आधार पर घट बढ सकती है।)

उपरोक्त पदों का ग्राम सभा/वार्ड वार विवरण एवं आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद हाथरस के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील एवं विकास खण्ड इत्यादि कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है, साथ ही विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर अपलोड है।

विज्ञप्ति पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देश :–

1. आंगनबाडी कार्यकत्री पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होगें।
2. आंगनबाडी कार्यकत्री के रिक्त पदों हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट एवं उसके समकक्ष होगीं।
3. आवेदिका को रिक्त पद के वार्ड/ग्राम सभा का निवासी एवं ग्राम सभा में उक्त श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में सम्बन्धित न्याय पंचायत की निवासी होना अनिवार्य होगा।
4. आवेदिका की आयु निर्धारित कट ऑफ तिथि को न्यूनतम 18 वर्ष एवं 35 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए।
5. विज्ञप्ति पदों हेतु केवल विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पर फॉर्म निर्धारित समयावधि के अन्दर ही स्वीकार होगे। ऑफलाइन आवेदन पत्र किसी भी दशा में मान्य/स्वीकार नही किये जायेगें।
6. विज्ञप्ति पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि.03–04–2024मध्य रात्रि 12:00 बजें तक होगी।

वरीयता :–

- उसी ग्राम सभा/वार्ड (शहरी क्षेत्रों में) की निवासी, गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों , विधवा महिला/विधिक तलाकशुदा/परित्यकता महिला।

- विधवा महिला/विधिक तलाकशुदा/परित्यकता महिला के गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार का अभ्यर्थी न मिलने पर उसी ग्राम सभा/वार्ड (शहरी क्षेत्रों में) की गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार की अन्य महिला।
- उपरोक्तानुसार अभ्यर्थी न मिलने पर गरीबी रेखा से ऊपर जीवन यापन करने वाली परिवार की महिलाऐं।
- उसी ग्राम सभा में उपरोक्त किसी भी श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने पर सम्बन्धित न्याय पंचायत में से उपरोक्तानुसार श्रेणीवार चयन किया जायेगा।

आरक्षण :–

- जो पद जिस श्रेणी हेतु आरक्षित है, उसी श्रेणी के आवेदन मान्य होंगे। अनारक्षित श्रेणी के पदों पर किसी भी जाति के आवेदन स्वीकार किये जा सकेगें।
- आंगनवाडी कार्यकर्त्री की नियुक्ति में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग, विकलांग एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रितों तथा आर्थिक रुप से कमजोर वर्गो(**EWS**) हेतु समय–समय पर शासन द्वारा जारी आरक्षण से सम्बन्धित शासनादेशों का अनुपालन किया जायेगा।

नोट :–

- विधवा हेतु ग्राम पंचायत अधिकारी/सम्बन्धित नगर निकाय द्वारा निर्गत मृत्यु प्रमाण पत्र एवं परिवार पंजिका की प्रमाणित नकल ही मान्य होगें।
- तलाकशुदा/परित्यक्ता के सम्बन्ध में मा0 न्यायालय द्वारा निर्गत विधिक आदेश मान्य होगें।
- आय के सम्बन्ध में तहसील द्वारा निर्गत नवीन (विज्ञापन जारी होने की तिथि से 06 माह पूर्व का मान्य नही) ऑनलाइन डिजिटल हस्ताक्षर से निर्गत आय प्रमाणपत्र ही मान्य होगें, जिनका ऑनलाइन सत्यापन सम्भव हो।
- निवास एवं जाति प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में तहसील से ऑनलाइन डिजिटल हस्ताक्षर से निर्गत निवास एवं जाति प्रमाण पत्र ही मान्य होगें, जिनका ऑनलाइन सत्यापन सम्भव हो।

उपरोक्त विज्ञप्ति पदों की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रक्रिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं सूचना विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर उपलब्ध है, साथ ही अधिक जानकारी हेतु विकास खण्ड के बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा विकास भवन में जिला कार्यक्रम अधिकारी (बाल विकास विभाग) कार्यालय से कार्यालय दिवस में निर्धारित जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

(धीरेन्द्र कुमार उपाध्याय)
जिला कार्यक्रम अधिकारी,
हाथरस।

पृष्ठांकन सख्या / तददिनांक

प्रतिलिपि :– निम्नांकित की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित।

1. निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उ0प्र0 लखनऊ।
2. जिलाधिकारी, महोदया,हाथरस।
3. मुख्य विकास अधिकारी, महोदय, हाथरस।
4. जिला सूचना अधिकारी, हाथरस
5. समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी को इस निर्देश के साथ कि उक्त विज्ञप्ति की प्रति विकास खण्ड कार्यालय तहसील स्तर अपने कार्यालय के सूचना बोड पर चस्पा करना सुनिश्चित करें।

जिला कार्यक्रम अधिकारी,
हाथरस।